Email : eeetdspn_132KV@rediffmail.com
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Electricity Transmission Division, UPPTCL
220 KV Sub Station, Powayan Road,
SHAHJAHANPUR. (UP) 242001

UPPTCL

Phone & fax No. 05842 223573
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड, उ0प्र0पा0ट्रा0कार्पो0लि0
220 के0वी0 उपकेन्द्र, पुवायाँ रोड
शाहजहाँपुर (उ0प्र0)242001

सं0 -1485- वि0प्र0ख0(शा)/ "प्रथम प्रति" दिनांक 20-10- 2021
No. ETD(S)/ Dated: 2021

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला,
शाहजहाँपुर रोड,
बरेली।

विज्ञापन व्यवस्थापक,
टाइम्स आफ इण्डिया
लखनऊ।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र के दिनांक 23.10.2021 तक के अंक में ''कम से कम स्थान '' (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8.10 प्वाइंट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइंट टाइप मे समाचार पत्र में केवल एक कालम में ) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेडिंग व नीचे का नाम व पता यथा संभव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1.स्थानीय प्रकृति की सूचना जैसे बिजली बंद रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा संभव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

2. प्रकाशन के पश्चात् विज्ञापन आदेश की मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित **प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियाँ संलग्न करते हुए बीजक सत्यापन हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करें ताकि बीजकों को भुगतान हेतु उपमहाप्रबन्धक (लेखा ) (पा0म0) (पारेषण भवन), निकट मंत्री आवास,विभूति खण्ड, गोमती नगर लखनऊ** को भेजा जा सके। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन भुगतान संभव नहीं होगा।

3. संलग्न हिन्दी/अग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाय। हिन्दी समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये, जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।

4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही बिलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।

5.यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रसार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरे स्वीकार न हो तो विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।

6.विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में ''राष्ट्रहित में बिजली बचाये'' का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।

7. उक्त निदेर्शो के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

भवदीय,

**संलग्नगः** यथोपरि –विज्ञापन आदेश प्रथम व द्वितीय प्रति
विज्ञापन सामग्री 02 नग।

**अधिशासी अभियन्ता**
अधिशासी अभियन्ता
विद्युत प्रसारण खण्ड
शाहजहाँपुर

सं0 वि0प्र0ख0(शा)/निविदा दिनांकः–

**प्रतिलिपिः–विज्ञापन सामग्री सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1.अनुसचिव (जनसम्पर्क) उ0प्र0पा0ट्रा0कार्पो0 लि0 शक्ति भवन लखनऊ।
2.अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मंडल, उ0प्र0पा0ट्रा0 कार्पो0 लि0 शाहजहॉपुर
3.उपमहाप्रबन्धक (लेखा )(पा0म0), पारेषण भवन ,विभूति खण्ड,गोमती नगर, एस0एल0डी0सी0परिसर,लखनऊ।
4.उपखण्ड अधिकारी, विद्युत पारेषण उपखण्ड –प्रथम/द्वितीय, शाहजहॉपुर।.
5.खण्डीय लेखाकार,।
6.नोटिस बोर्ड

**अधिशासी अभियन्ता**

# उ0प्र0 पावर ट्रान्समीशन कार्पो0 लि0
## निविदा सूचना

अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से निम्न कार्यों हेतु निम्नांकित तिथि को ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं जो 14.00 बजे तक अपलोड की जा सकेंगी तथा उसी दिन 15.30 बजे के पश्चात् अथवा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। ई–निविदाओं का विस्तृत विवरण, खाते का विवरण, शुल्क व धरोहर राशि, जमा करने की तिथि इत्यादि की सूचनायें निविदादातओं हेतु निर्देशों में व बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा।

### खुलने की तिथि 21.11.2021

**सं0–09– वि0प्र0ख0(शा0)/2021–22**

खण्ड के अन्तर्गत विभिन्न 220/132 के0वी0 उपकेन्द्रों पर अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य । धरोहर राशि 2000/– मात्र निविदा प्रपत्र शुल्क 500/– कर अतिरिक्त (अप्रतिदेय)।

**सं0–10– वि0प्र0ख0(शा0)/2021–22**

खण्ड के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र, जलालाबाद पर 33 के0वी0 बे का निर्माण एवं तत्सम्बन्धी कार्य । धरोहर राशि 2000/– मात्र निविदा प्रपत्र शुल्क 500/– कर अतिरिक्त (अप्रतिदेय)।

### खुलने की तिथि 23.11.2021

**सं0–11– वि0प्र0ख0(शा0)/2021–22**

खण्ड के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी–प्रथम के प्रयोगार्थ डीजल चलित जीप/बोलेरो की ड्राईवर सहित आपूर्ति। । धरोहर राशि 2000/– मात्र निविदा प्रपत्र शुल्क 500/– कर अतिरिक्त (अप्रतिदेय)।

**सं0–12– वि0प्र0ख0(शा0)/2021–22**

खण्ड के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी–द्वितीय के प्रयोगार्थ डीजल चलित जीप/बोलेरो की ड्राईवर सहित आपूर्ति। । धरोहर राशि 2000/– मात्र निविदा प्रपत्र शुल्क 500/– कर अतिरिक्त (अप्रतिदेय)।

निविदा परिशिष्ट/शुद्धिपत्र, निरस्तीकरण व संभावित परिवर्तनों हेतु etender.up.nic.in को समय–समय पर अवलोकित करें। खुलने की तिथि को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। सम्पूर्ण निविदा या निविदा के किसी भाग को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**विद्युत प्रेषण खण्ड,शाहजहाँपुर (उ0प्र0)**

' राष्ट्र हित में बिजली बचायें '

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत प्रसारण खण्ड
शाहजहाँपुर